ब्रह्माकुमारीज अयोध्या/फैजाबाद द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में सहयोग

जिलाधिकारी के हाथों ब्र.कु. शशी बहन ने सौंपा रू. 51000/00 का चेक

कोरोना योद्धा, सी.आर.पी.एफ. के जवानों को किया सम्मानित

अयोध्या, फैजाबाद। ब्रह्माकुमारीज़ परिवार फैजाबाद के द्वारा राष्ट्रीय आपदा कोरोना जैसी महामारी के समय देश व जनता की सेवा हेतु सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में रू 51000 का चेक प्रदान किया गया। यह चेक संस्था की वजीरगंज स्थित शाखा पभारी ब्र.कु. शशी बहन ने अयोध्या के जिलाधिकारी भ्राता अनुज कुमार झा के हाथों सौंपा।

संस्था की स्थानीय प्रभारी ब्र.कु. शशी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ परिवार सदैव देश व समाज की आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवाओं में तत्पर रहती है। कोरोना जैसी महामारी से देश व जनता को राहत दिलाने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे अनेक प्रयासों में व्यापक जनसहभागिता एवं सहयोग आवश्यक है। इसी के मद्देनजर संस्था क सदस्यों के सहयोग से हम यह रांशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कर रहे हैं।

अयोध्या के जिलाधिकारी भ्राता अनुज कुमार झा के हाथों चेक सौंपने से पूर्व ब्र.क. शशी बहन ने जिले के अभिभाव के रूप में अथक एवं सजग बनकर जन–सेवा में समर्पित जिलाधिकारी महोदय को शाल पहनाकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा समय प्रति समय देश व समाज की सेवा में दी जाने वाली विशेष सहयोग एवं आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों के उत्थान हेतु किए जा रहे व्यापक एवं प्रभावी कार्यों की सराहना की।

साथ ही अपना एवं अपने परिवार की चिन्ता किए बिना देश व समाज की सेवा में दिन–रात अथक बनकर समर्पित, देश के सपूत, कोरोना योद्धा, पी.ए.सी. के जवानों को विशेष सम्मानित किया। अयोध्या, वजीरगंज की प्रभारी ब्र.कु. शशी बहन ने कहा कि जबकी देश की जनता अपने–अपने घरों में बंद हैं, ऐसे समय में अपने घर–परिवार से दूर रहकर, अपने स्वार्थ एवं सुख व स्वास्थ्य की परवाह किए बिना जनता की सेवा में समर्पित ऐसे देश के वीर सपूतों का सम्मान करते हुए हमें अति हर्ष हा रहा है। यह सम्मान आप की सेवा के आगे कुछ भी नहीं है लेकिन केवल आपके सेवा एवं समर्पण भाव का सम्मान है।

उक्त अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ वजीरगंज द्वारा पी.ए.सी. के जवानों को ब्रह्माभोजन कराने के साथ पुष्प–माला पहनाकर एवं फ्लों की वर्सा के साथ ईश्वरीय सौगात प्रदान कर स्वागत–सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर संस्था की समर्पित बहनें ब्र.कु. सन्ध्या, ब्र.कु. अर्चना, ब्र.कु. रेनू, ब्र.कु. शीलू, ब्र.कु. अर्चिका एवं ब्र.कु. रामजीत भाई के साथ संस्था के सदस्य ब्र.कु. जगदीश, डा. फूलचन्द भाई, महेश भाई, सौरभ भाई, मुकेश मल्होत्रा, विजय भाई, रामाश्रय, हरीप्रसाद भाई आदि की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में 27 वीं वाहिनी पी.ए.सी. के कमाण्डेण्ट भ्राता अरूण उपाध्याय ने संस्था एवं संस्था के सदस्यों के प्रति अपने जवानों का मनोबल बढ़ाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह जानकारी संस्था के पूर्वांचल मीडिया प्रभारी ब्र.कु. विपिन भाई ने दी।